कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

पत्रांकः केयू/आर0ओ0/2020–21/ 113 दिनांक 22/07/2020

सेवा में,

1. परिसर निदेशक,
डी0एस0बी0परिसर, नैनीताल/एस0एस0जे0परिसर, अल्मोड़ा/
सर जे0सी0बोस तकनीकी परिसर, भीमताल।
2. संकायाध्यक्ष, समस्त संकाय, कु0वि0वि0 नैनीताल।
3. निदेशक, डी0आई0सी0, कु0वि0वि0 नैनीताल।
4. निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0, कु0वि0वि0 नैनीताल।
5. निदेशक, सिरिक, कु0वि0वि0 नैनीताल।
6. निदेशक, केयू–आईआईसी, नैनीताल।
7. प्रो0 एस0पी0एस0बिष्ट, जन्तु विज्ञान विभाग, डी0एस0बी0परिसर, नैनीताल।
8. परीक्षा नियंत्रक, कु0वि0वि0 नैनीताल।
9. संयुक्त निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0, कु0वि0वि0 नैनीताल।
10. वित्त नियंत्रक, कु0वि0वि0 नैनीताल।
11. वरिष्ठ सूचना वैज्ञानिक, कु0वि0वि0 नैनीताल।
12. उप–कुलसचिव, सामान्य प्रशासन, कु0वि0वि0 नैनीताल।

महोदय,

माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांक 24 जुलाई, 2020 को पूर्वान्ह् 11.00 बजे विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के सभागार में QS Ranking के बारे में जूम के माध्यम से व्याख्यान आयोजित किया जायेगा।

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त व्याख्यान में निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने का कष्ट करें। एस0एस0जे0परिसर, अल्मोड़ा में कार्यरत प्राध्यापक इस व्याख्यान में जूम के माध्यम से प्रतिभाग करने का कष्ट करेंगे।

भवदीय,

22/7/2020

(के0आर0भट्ट)
कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. प्रभारी, स्टोर को जल–पान व्यवस्था हेतु।
2. निजी सचिव–कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

22/7/2020

(के0आर0भट्ट)
कुलसचिव

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

बैठक का कार्यवृत्तः–

आज दिनांक 24 जुलाई, 2020 को माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में जूम एप के माध्यम से QS Ranking (Quacquarelli Symonds) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया–

1– श्री के0आर0 भट्ट
कुलसचिव, कु0वि0वि0, नैनीताल।

2– प्रो0 शुचि बिष्ट
निदेशक, केयू–आईआईसी, कु0वि0वि0, नैनीताल।

3– प्रो0 संजय पन्त
निदेशक, डी0आई0सी0, कु0वि0वि0, नैनीताल।

4– प्रो0 सतपाल सिंह बिष्ट
जन्तु विज्ञान विभाग, डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल।

5– प्रो0 राजीव उपाध्याय,
निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0, कु0वि0वि0, नैनीताल।

6– प्रो0 पदम एस0 बिष्ट,
अर्थशास्त्र विभाग, डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल।

7– डॉ0 दिव्या उपाध्याय जोशी
संयुक्त निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0, कु0वि0वि0, नैनीताल।

8– प्रो0 एच0सी0एस0 बिष्ट
परीक्षा नियंत्रक, कु0वि0वि0, नैनीताल।

9– डॉ0 कुमुद उपाध्याय, उपकुलसचिव कु0वि0वि0, नैनीताल।

10– श्री सचिन कुमार, सलाहकार QS Ranking

1– बैठक में सर्वप्रथम माननीय कुलपति जी द्वारा प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए QS Ranking में सुधार हेतु विश्वविद्यालय द्वारा क्या–क्या प्रयास किये जा सकते हैं, के सम्बन्ध में भी गहन मंत्रणा की गयी। तदोपरान्त जूम एप के माध्यम से श्री सचिन कुमार द्वारा QS Ranking के सम्बन्ध में अपने विचार प्रस्तुत किये गये।

2– बैठक में शैक्षणिक स्तर बढ़ाने के लिए सभी प्रतिभागियों से अनुरोध किया गया कि राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के शिक्षकों का सहयोग बढ़ाया जाय तथा शिक्षकों एवं शोधार्थियों से अपेक्षा की गयी कि वह उच्च स्तरीय शोध कार्य के अपने शोध पत्रों एवं जनरल्स को स्कोपर्स (एल्सपीमर) के अनुरूप बनायें।

Divyah 24/07/2020

3— विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों के प्रवेश हेतु प्रयास किये जाएं। जिसमें प्रमुखतः नेपाल, भूटान आदि देशों के छात्रों को विश्वविद्यालय शैक्षणिक स्तर एवं सुविधाओं से अवगत कराया जाय तथा उन्हें प्रवेश हेतु प्रोत्साहित भी किया जाय। साथ ही वाह्य देशों के प्रवेशार्थी छात्र—छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधा प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाय। छात्रावास की सुविधा को बाद में अन्तर्राष्ट्रीय छात्रावास के रूप में विकसित किया जाय।

4— कुमाऊँ विश्वविद्यालय से राज्य स्तर/प्रदेश स्तर/राष्ट्रीय स्तर एवं विश्व स्तर पर एकडमिक प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए छात्रों एवं शिक्षकों के अनुपात के आधार पर प्रतिवर्ष कम से कम चार सौ प्रवेशार्थियों के प्रवेश हेतु राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय विद्वानों से शैक्षणिक समन्वय स्थापित करने के प्रयास किये जाए।

5—विश्वविद्यालय के सभी डीन, डाईरेक्टर एवं फैकल्टी मैम्बर से विभिन्न प्रतिष्ठानों में कार्यरत कार्मिकों से व्यक्तिगत साझेदारी कर विश्वविद्यालय विद्यार्थियों हेतु डाटा/फीड बैक प्राप्त करा लिया जाय।

माननीय कुलपति जी द्वारा बैठक में लिये गये निर्णय विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्षों एवं संकायाध्यक्षों को भेजे जाने हेतु निर्देशित किया गया ताकि QS Ranking को त्वरित गति प्रदान की जा सके।

बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई ।

Rajeev 24/07/2020   Dsingh 24/07/2020